# 70 करोड़ से होगा सड़क और नाले का निर्माण व जीर्णोद्धार : नितिन

संवाददाता,पटना

**पथ** निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने राज्य



योजना मद से पांच जिलों की कुल 11 योजनाओं की स्वीकृति दी . इन योजनाओं पर 70 करोड़ से अधिक की लागत आयेगी. मंत्री ने बताया कि इन योजनाओं में सड़क चौड़ीकरण, नाला निर्माण, क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मत और नये पथों के निर्माण का किया जायेगा. सभी कार्यों की त्वरित शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है. कहा कि राज्य के छह जिलों पटना, मोतिहारी, सीतामढ़ी, मधुबनी, कैमूर और एक अन्य जिले में 11 योजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि पटना में किदवईपुरी पथ, शहीद गेट से शवदाहगृह पथ, बाजार समिति मोड़ से सैदपुर नहर पथ, शेरशाह गुड़ मंडी से भीखना पहाड़ी पथ, गोसाईं टोला मोड़ से अल्पना मार्केट और सरिस्ताबाद से 70 फुट बाइपास तक सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण किया जायेगा.

## कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करें तेजस्वी

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि कच्ची दरगाह–बिदुपुर छह लेन गंगा पुल का लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सोमवार को किया गया . इससे पटना से राघोपुर की संपर्कता दे दी गयी है . उन्होंने कहा कि इसके निर्माण को लेकर विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद को सीएम आभार प्रकट करना चाहिए . वे इस समारोह में शामिल भी नहीं हुए . मंत्री ने कहा कि सितंबर तक इसके तीसरे फेज का काम भी पूरा हो जायेगा .